पंजाबी गायक गुरु रंधावा के गीतों पर झूम उठे आइटियंस

एक झलक पाने को बेताब दिखे श्रोता, उमड़ा चाहने वालों का रेला

TECHNEX'19

दैनिक जागरण PRESENTS THI:K TALKS

जासं, वाराणसी : आइआइटी, बीएचयू के टेक्नो फेस्ट 'टेक्नेक्स-19' का समापन रविवार को डीजे आली एसे व ख्यात पंजाबी गायक गुरु रंधावा की धमाकेदार प्रस्तुतियों से हुआ।

तीन दिन के आयोजन के बाद जहां भावी इंजीनियर्स एसे के धुन पर जमकर थिरके, वहीं रंधावा का जादू भी सर चढ़कर बोला। दोस्तों, मित्रों और मुझे अर्श से फर्श तक पहुंचाने वाले फैंस आप सभी का शुक्रिया, धन्यवाद और थैंक्स। पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई पर ध्यान दें और जिंदगी में कुछ बन कर मां-बाप का सपना साकार करें। इन्हीं चंद लाइनों के बाद पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा ने आइआइटी, बीएचयू में आयोजित लाइव परफॉर्मेंस की शुरुआत की। उन्होंने अपने प्रचलित 'पटोला...' 'तैनु सूट-सूट करदा...' और 'लगदी लाहौर दी....' जैसे गीतों की शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। इसी क्रम में फिल्म 'तुम्हारी सुलु' का 'बन जा तू मेरी रानी...' सहित अन्य फिल्मों गीतों की प्रस्तुति दी। रंधावा की लोकप्रियता का आलम इस कदर रहा कि ग्राउंड फुल होने के बाद भी प्रवेश द्वार पर चाहने वालों की भीड़ लगी रही। लोगों दूर से ही उनको मोबाइल में कैद करते रहे और गीतों पर झूमते रहे।

बीएचयू के आइआइटी टेक्नेक्स के समापन समारोह में गायन प्रस्तुत करते गुरु रंधावा ● जागरण

एयर-शो के दौरान उत्साहित प्रतिभागी ● जागरण

एयर-शो देखने के लिए जुटे लोग ● जागरण

एयर-शो ने लुभाया, आसमान में रंग जमाया

जागरण संवाददाता, वाराणसी : आइआइटी बीएचयू के टेक्नेक्स-19 के अंतिम दिन रविवार को जिमखाना ग्राउंड पर प्रो. वीरभद्र मिश्र स्मृति एयर-शो के छठे संस्करण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आइटियंस ने 25 से ज्यादा हवाई मॉडल प्रदर्शित किए।

एयर-शो में ब्लैक- हॉक, ऑक्टाक्वाप्टर, क्वाड कॉप्टर, सेथियर प्लेन, जेस्टर कंट्रोल, 62 सीसी पेट्रोल इंजन प्लेन आदि शामिल थे। ये सारे मॉडल इंडियन एयरफोर्स की मदद को ध्यान में रखते हुए बनाए गए। इसके अलावा हाथ के पंजों से कंट्रोल करने वाला ड्रोन, ट्राईकॉप्टर, रेसिंग क्वाड ड्रोंस, रेसिंग प्लेन आदि भी देखने को मिले, जो पलक झपकते ही खुले आसमान में अपनी करामात व हवाई स्टंट दिखाए। एयर-शो देखने के लिए छात्रों, अध्यापकों, महिलाओं व बच्चों की खासी भिड़ जुटी थी। लोगों के मनोरंजन के लिए क्वाडकॉप्टर ड्रोन की मदद से उनपर फूल भी बरसाए गए। इसके साथ ड्रोन की मदद से रंग उछालकर तिरंगे का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. वीएन मिश्र, श्रीप्रकाश शुक्ल, अनिल पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

एयर-शो के दौरान ड्रोन उड़ाता प्रतिभागी ● जागरण